# महत्वपूर्ण सूचना

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना**

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800023

**(वेबसाइट–www.csbc.bih.nic.in)**

**विज्ञापन संख्या 04/2020 के अंतर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में 'वनपाल' के पद पर चयन से संबंधित शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा एवं अभिलेख सत्यापन हेतु सूचना**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा बिहार राज्य में वर्ष 2020 में वनपाल पद की 236 रिक्तियों के विरूद्ध दिनांक 26.07.2020 को विज्ञापन संख्या 04/2020 प्रकाशित किया गया था ।

2. प्रकाशित विज्ञापन एवं ''बिहार अवर वन सेवा नियमावली–2013'' एवं संगत अधिसूचनाओं में निहित प्रावधान के आलोक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनपाल की सीधी नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 20.12.2020 (रविवार) को आयोजित की गयी थी । लिखित परीक्षा के आधार पर सफल उम्मीदवारों को निर्धारित अनुपात (1:2) में अगले चरण ''शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा'' के लिए चयनित कर परीक्षाफल दिनांक 19.04.2021 को प्रकाशित किया गया था ।

3. उपरोक्त लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों का शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) दिनांक 10.01.2022 को संजय गांधी जैविक उद्यान (गेट नम्बर–01), जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800001 में आयोजित की जायेगी । शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) हेतु प्रवेश–पत्र दिनांक 18.12.2021 से पर्षद की वेबसाइट www.csbc.bih.nic.in पर "Forest Dept." टैब के अंतर्गत उपलब्ध रहेगा । जो अभ्यर्थी किसी कारणवश अपना ई–प्रवेश–पत्र Download नहीं कर सकें वे दिनांक 07 जनवरी, 2022 एवं 08 जनवरी, 2022 को केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड (सचिवालय हाल्ट के निकट), पटना–800001 स्थित पर्षद कार्यालय से पूर्वाह्न 10:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक अपना डुप्लिकेट प्रवेश–पत्र अपने खर्च पर प्राप्त कर सकते हैं । स्पष्ट किया जाता है कि कोई भी प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किया जायेगा ।

4. चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान की सूचना प्रवेश–पत्र पर दर्ज होगी ।

5. शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) में निर्धारित तिथि को प्रत्येक अभ्यर्थी का सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा वे अयोग्य माने जायेंगे और उन्हें दूसरा अवसर नहीं दिया जायेगा । शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा के दौरान ही अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की भी जाँच की जाएगी। इसके लिए कोई दूसरा अवसर नहीं दिया जाएगा ।

6. शारीरिक परीक्षण/दक्षता परीक्षा (PET) के अवसर पर सभी अभ्यर्थी निर्दिष्ट समय पर अपने प्रवेश–पत्र तथा निम्नांकित मूल प्रमाण–पत्रों तथा उनकी एक सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे :

i. वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र (जैसे– आधार कार्ड, मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस आदि) ।

ii. इण्टरमीडिएट विज्ञान या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र (01.01.2020 तक या इसके पूर्व की शैक्षणिक अर्हता मान्य होगी)।

iii. जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति)।

iv. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का जाति प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा ।

v. क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। महिला अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित) का क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र पिता के आधार पर निर्गत होने पर ही मान्य होगा।

vi. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए)।

vii. बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नातीनी (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र (बिहार सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्र संख्या–11687/सा0प्र0, दिनांक–30.08.2016 में विहित प्रपत्र के अनुसार) ।

viii. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य (यदि लागू हो तो) होने संबंधी प्रमाण–पत्र। बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या 2622, दिनांक 26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में ।

ix. सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत बिहार सरकार में कार्यरत ऐसे सरकारी सेवक होने का प्रमाण–पत्र जिन्होंने कट ऑफ तिथि तक नियमित सेवा में न्यूनतम तीन वर्षों की अवधि पूरी कर ली हो ।

x. कोविड– 19 वेक्सीनेशन प्रमाण–पत्र।

7. सभी योग्य उम्मीदवारों को विज्ञापन संख्या–04/2020 में वर्णित सभी शर्तो / प्रावधानों को संपुष्ट करना अनिवार्य होगा । अर्हता या अन्य किसी आधार पर किसी भी चरण में अपात्र पाए जाने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

8. कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए जाने पर अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

9. शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा इस संबंध में निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करेंगे ।

10. अभ्यर्थी मास्क लगाए रहेंगे तथा अपने साथ सेनिटाइजर, पानी आदि की व्यवस्था रखेंगे।

11. किसी भी विवाद में अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

12. प्रेस में मुद्रण अथवा टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा ।

13. दलालों से सावधान रहें और ऐसे संदिग्धों के संबंध में पुलिस को सूचित करें ।

ह0/–

**अध्यक्ष,**

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),

बिहार, पटना

**<u>ज्ञापांक 53 /के0च0प0(सू0)</u>**

**अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का कार्यालय,**

सरदार पटेल भवन, छठा तल, ब्लॉक–ए/626,

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना– 800023

**दिनांक 01/12/2021**